महत्वपूर्ण जानकारी

महोदया / महोदय,

कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा योजना 1976 (ईडीएलआई योजना) उन सभी कर्मचारियों को जीवन बीमा लाभ प्रदान करती है जो कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 या क.भ.नि. एवं प्र.उ. अधिनियम, 1952 की धारा 17 के तहत छूट प्राप्त भ.नि. योजनाओं के सदस्य हैं। ईडीएलआई योजना, नियोक्ताओं द्वारा मामूली अंशदान (मासिक मजदूरी का 0.5%, अधिकतम वेतन सीमा 15000 रुपये तक) द्वारा समर्थित है। इस योजना के तहत बीमा कवर प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों द्वारा कोई अंशदान देय नहीं है।

केंद्र सरकार द्वारा राजपत्र अधिसूचना संख्या जीएसआर 299 (ई) दिनांक 28.04.2021 के माध्यम से क नि स बी योजना (ईडीएलआई योजना) के तहत देय लाभों को बढ़ाया गया है ।

ईडीएलआई योजना के तहत बढ़ाए गए लाभ:-

1. ईडीएलआई योजना के पैराग्राफ 22(3) के तहत मृतक कर्मचारी के परिवार के पात्र सदस्यों को देय अधिकतम लाभ पहले रु. 6 लाख था, जो अब बढ़ाकर रु. 7 लाख कर दिया गया है ।
2. ईडीएलआई योजना के पैराग्राफ 22(3) के तहत देय 2.50 लाख रुपये का न्यूनतम बीमा लाभ, जिसे 15.02.2018 से केवल दो साल के लिए लागू किया गया था, को 15.02.2020 से बहाल कर दिया गया है। आशा है, यह उन सदस्यों के परिवारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी जिनका कोविड-19 महामारी के कारण निधन हुआ हो।
3. ईडीएलआई योजना में शामिल किया गया एक अन्य लाभकारी प्रावधान यह है कि दिनांक 28.04.2021 से उन मृतक सदस्यों के पात्र परिवार के सदस्यों को रुपये 2.50 लाख का न्यूनतम लाभ और 7 लाख रुपये का अधिकतम लाभ प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने बारह महीने से अधिक की निरंतर अवधि के लिए अपनी योजना सदस्यता और रोजगार को बनाए रखा है । पहले यह लाभ केवल उसी स्थिति में मिलता था जब मृतक कर्मचारी मृत्यु से पहले 12 महीने में एक ही स्थापना में कार्यरत था । यह उम्मीद की जाती है कि यह अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य ऐसे कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा जो अक्सर नौकरी बदलते हैं।

ऐसे मृतक सदस्य, जो अपनी मृत्यु होने के माह से पहले लगातार 12 महीने की अवधि के दौरान रोजगार में नहीं थे, उनसे संबंधित लाभार्थीयों को ईडीएलआई योजना के पैराग्राफ 22(1) के तहत लाभ का भुगतान जारी रहेगा।

राजपत्र अधिसूचना संख्या जीएसआर 299 (ई) की प्रति के साथ इस संबंध में जारी क.भ.नि.सं. कार्यालय परिपत्र की एक प्रति क.भ.नि.सं. की वेबसाइट पर सूचनार्थ उपलब्ध है:
(https://www.epfindia.gov.in/site_docs/PDFs/Circulars/ Y2021-2022/EDLI_Notification_27058.pdf)

IMPORTANT INFORMATION

Madam / Sir,

The Employees' Deposit Linked Insurance Scheme 1976 (EDLI Scheme) is an insurance scheme which provides life insurance benefits to all employees who are members of the Employees' Provident Funds Scheme, 1952 or of PF Schemes exempted under Section 17 of the EPF & MP Act, 1952. The EDLI Scheme is supported by a nominal contribution by the employers (@0.5% of monthly wages, upto the maximum wage limit of Rs.15000). No contribution is payable by the employees for availing insurance cover under this Scheme.

The benefits payable under EDLI Scheme have been enhanced by the Central Govt vide Gazette Notification No. GSR 299(E) dated 28.04.2021.

BENEFITS ENHANCED UNDER THE EDLI SCHEME :-

1. The maximum benefit payable to the eligible family members of the deceased employee under paragraph 22(3) of the EDLI Scheme was earlier Rs. 6 lakh which has now been enhanced to Rs. 7 lakh.
2. The minimum assurance benefit of Rs.2.50 lakh payable under paragraph 22(3) of EDLI Scheme which was introduced with effect from 15.02.2018 for two years only, has been reinstated with effect from 15.02.2020. This is hoped to be of particular benefit to families of members who may have passed away due to the COVID-19 pandemic.
3. Another beneficial provision which has been inserted in the EDLI Scheme is that w.e.f. 28.04.2021, the minimum benefit of Rs. 2.50 lakh and maximum benefit of Rs.7 lakh will be provided to the eligible family members of those deceased members who have continued their scheme membership & employment for a continuous period of over twelve months, but may have switched their employer / establishment during the twelve months preceding their death. Earlier this benefit was available only where the deceased employee, being a member of the EDLI Scheme, was in employment of the same establishment for a continuous period of twelve months preceding the month in which he died. It is expected that this shall be of particular benefit to contract employees as well as other employees who change jobs frequently.

The beneficiaries in respect of deceased members who were not in continuous employment during the period of 12 months preceding the month in which they died shall continue to be paid benefit under paragraph 22(1) of the EDLI Scheme.

A copy of the EPFO office circular issued in this regard along with copy of Gazette Notification No. GSR 299 (E) is available at EPFO website for information (https://www.epfindia.gov.in/site_docs/PDFs/Circulars/Y2021-2022/EDLI_Notification_27058.pdf).